उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग,
पिकप भवन, तृतीय तल, गोमती नगर,
लखनऊ – 226010

संख्या :- 23 /01/कम्प्यू.अनुभाग (बारह)/ 2019/01-परीक्षा (वि०च०) 2017

लखनऊ : दिनांक : 14 अगस्त, 2020

विज्ञप्ति

आयोग के **विज्ञापन संख्या-01-परीक्षा(वि०च०) 2017, कनिष्ठ सहायक (विशेष चयन) प्रतियोगितात्मक परीक्षा- 2017** के अंतर्गत विज्ञापित **कनिष्ठ सहायक** के रिक्त 115 पदों पर भर्ती हेतु सम्पन्न लिखित परीक्षा एवं द्वितीय चरण की टंकण परीक्षा के आधार पर साक्षात्कार हेतु अर्ह पाये गये पाये गये 396 अभ्यर्थियों से संबन्धित आयोग की सूचना संख्या-22/कम्प्यू.अनुभाग (बारह)/ 2019/01-परीक्षा (S.S.)/2017, दिनांक-31.07.2020 का संदर्भ ग्रहण करें।

2- आयोग की उक्त सूचना के क्रम में साक्षात्कार हेतु अर्ह पाये गए समस्त अभ्यर्थियों को एतदद्वारा सूचित किया जाता है कि उनका साक्षात्कार **दिनांक 01.09.2020 से दिनांक 04.09.2020** तक **उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, पिकप भवन, तृतीय तल, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ** स्थित कार्यालय में निम्नलिखित सारणी में दिये गये कार्यक्रम के अनुसार आयोजित किया जायेगा-

क्र. सं.	तिथि	प्रथम पाली में रिपोर्टिंग का समय	प्रथम पाली में अभ्यर्थियों की संख्या	द्वितीय पाली में रिपोर्टिंग का समय	द्वितीय पाली में अभ्यर्थियों की संख्या	अभ्यर्थियों की कुल संख्या
1	01.09.2020	10:00 AM	60	01:00 PM	60	120
2	02.09.2020	10:00 AM	60	01:00 PM	60	120
3	03.09.2020	10:00 AM	60	01:00 PM	60	120
4	04.09.2020	10:00 AM	36	-	-	36
कुल						**396**

3- प्रश्नगत साक्षात्कार से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि वे साक्षात्कार-पत्र डाउनलोड करने हेतु पहले अपनी श्रेणी यथा- अन्य पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के अनुसार क्रमश: रु० 60, 20 तथा 20 (ओ०बी०सी०-60 रू० तथा एस०सी० व एस०टी०-20 रू०) ऑनलाइन साक्षात्कार शुल्क जमा करें। साक्षात्कार शुल्क जमा करने के उपरान्त ही अभ्यर्थी अपना साक्षात्कार-पत्र व अन्य 04 प्रपत्र डाउनलोड कर सकेगा। साक्षात्कार शुल्क जमा करने के लिए अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट के Homepage पर उपलब्ध **Examination/Interview Segment** के अंतर्गत **Download Interview Letter** पर जाकर अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर, जन्मतिथि व जेन्डर भर कर **Download Interview Letter** क्लिक करेगा, तदनुक्रम में अभ्यर्थी Application Fee Payment Module में वांछित प्रविष्टियां अंकित कर आगे की प्रक्रिया पूर्ण करेगा।

4- साक्षात्कार से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि उनके शैक्षिक अभिलेखादि का परीक्षण नहीं हुआ है। साक्षात्कार के समय गहनता से सभी मूल अभिलेखादि का परीक्षण किया जायेगा। अतः साक्षात्कार हेतु उपस्थित होने वाले समस्त अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक व अन्य अभिलेखादि की मूल प्रतियों तथा उनकी छायाप्रतियों के साथ ही साक्षात्कार-पत्र के साथ डाउनलोड किये गये अन्य चारों प्रपत्रों को प्रिन्ट कर व भरकर, निर्धारित तिथि व समय पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

14/08/2020

5- यदि कोई अभ्यर्थी कोविड-19 प्रोटोकॉल के दृष्टिगत निर्धारित तिथि पर साक्षात्कार हेतु उपस्थित नहीं हो पा रहा है, तो वह अपना प्रार्थना पत्र साक्ष्य/कारण को संलग्न करते हुए आयोग के **ई-मेल upsssc2014@gmail.com** पर भेज सकता है और ऐसे अभ्यर्थियों का साक्षात्कार **दिनांक 15.09.2020 को पूर्वाह्न 10 बजे** आहूत किया जाएगा , जिसके लिए कोई पृथक से सूचना नहीं दी जाएगी अतः ऐसे अभ्यर्थियों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे उनके साक्षात्कार हेतु निर्धारित तिथि 15.09.2020 को पूर्वाह्न 10 बजे प्रत्येक दशा में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

6- **उक्त साक्षात्कार से संबन्धित समस्त अभ्यर्थियों को यह भी निर्देशित किया जाता है कि उन्हें कोविड-19 महामारी प्राटोकॉल के दृष्टिगत निम्नलिखित दिशा निर्देशों एवं शर्तों का पालन करना अनिवार्य होगा -**

i. साक्षात्कार हेतु आने वाले अभ्यर्थियों को फेस-कवर/मास्क पहनकर आना अनिवार्य है।
ii. अभ्यर्थी फेस-कवर/मास्क पहनकर ही प्रवेश करेंगे तथा परिसर में अनावश्यक इधर-उधर विचरण नहीं करेंगे।
iii. अभ्यर्थी आयोग परिसर में प्रवेश करने से पूर्व थर्मल स्कैनर से अपना तापमान चेक करवायेंगे एवं उपलब्ध रजिस्टर पर अपना नाम एवं अनुक्रमांक के साथ तापमान अंकित करेंगे।
iv. अभ्यर्थी अपने साथ अभिलेख एवं साक्षात्कार पत्र एक पतले फोल्डर में लेकर आयेंगे किसी भी प्रकार का अन्य सामान एवं मोबाइल अंदर लाने की अनुमति नहीं है।
v. बुखार, खाँसी, गले में खरास, साँस लेने में तकलीफ लक्षण वाले अभ्यर्थियों को प्रवेश नहीं दिया दिया जाएगा।
vi. अभ्यर्थी एक-दूसरे से 6 फीट की दूरी का पालन करेंगे।
vii. निर्धारित स्थान पर हस्त प्रक्षालन/सैनिटाइजेशन का प्रयोग करेंगे।
viii. खांसते या छींकते समय टिश्यू पेपर/ रूमाल से मुंह और नाक को ढ़कें, टिश्यू पेपर को डस्टबिन में ही डालें।
ix. अभ्यर्थी अपने पीने हेतु पानी की बोतल साथ रखें।
x. परिसर में इधर-उधर थूकना पूर्णतया वर्जित है।

14/08/2020
(आशुतोष मोहन अग्निहोत्री)
सचिव।